स्थान का चयन राज्य सरकार की पेशकश पर आधारित होता है । एक विद्यालय शुरु करने के लिए प्रारम्भ में सम्बन्धित राज्य/संघशासित प्रशासन द्वारा तीस एकड़ निशुल्क भूमि तथा भवन और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाती है । जहां तक संभव हो इन विद्यालयों का स्थान ग्रामीण क्षेत्रों में होगा ।

केन्द्रीय विद्यालय

(ख) से (ङ) राज्य सरकार द्वारा प्रयोजित केन्द्रीय विद्यालयों को खोलने के लिए स्थानों के नाम निम्नलिखित है :

1. नालेटी, जिला कांगड़ा
2. महल, जिला कुल्लु
3. इन्दौरा, जिला कांगड़ा
4. रामपुर, जिला शिमला
5. शिलारू, जिला शिमला
6. बालदीयन, जिला शिमला
7. ऊना

तथापि, नालेटी जिसकी जांच की जा रही है, को छोड़कर अन्य किसी भी प्रस्ताव में अपेक्षित शर्तें पूरी नहीं की गई ।

परियोजना क्षेत्र में, एक केन्द्रीय विद्यालय को 1991-92 में नेशनल हाइड्रोपावर कारपोरेशन, चामेरा जिला चम्बा में संस्वीकृत किया गया है ।

नवोदय विद्यालय

हिमाचल प्रदेश के 12 जिलों में से मंडी, शिमला, चम्बा, सिरमौर, किन्नौर, कांगड़ा, ऊना तथा हमीरपुर के 8 जिलों में नवोदय विद्यालय खोले गए हैं । सोलन तथा बिलासपुर जिलों में वर्ष 1992-93 के दौरान नवोदय विद्यालय खोले जाने का प्रस्ताव है । तथापि, कुल्लु तथा लाहौलस्पिति के जिलों में नवोदय विद्यालयों को खोलने के लिए राज्य सरकार से कोई उपयुक्त प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है ।

गीता रतन जिन्दल पब्लिक स्कूल, रोहिणी, दिल्ली

1461. **श्री अनन्त राम जायसवाल :** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 21 अप्रैल, 1992 के "जनसत्ता" में "चित्त भी मेरी पट भी" शीर्षक छपे समाचार की ओर दिलाया गया है;

(ख) क्या रोहिणी स्थित गीता रतन जिन्दल पब्लिक स्कूल द्वारा स्थानान्तरण प्रमाण पत्र चाहने वाले छात्रों "उनके अभिभावकों को लंबे समय तक परेशान करके उनसे अनुचित लाभ उठाये जाने की शिकायत पर सरकार ने कोई कार्यवाही की है; और

(ग) यदि हां तो उसका ब्यौरा क्या है ?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री अर्जुन सिंह) : (क) से (ग) जी, हां । दिल्ली प्रशासन ने सूचित किया है कि विशिष्ट शिकायत मिलने पर स्कूल को अप्रैल 1992 का शुल्क वसूल न करने का निदेश दिया गया और शिकायतकर्ता को स्कूल द्वारा 16.4.92 को स्कूल छोड़ने का प्रमाण-पत्र और प्रतिभूति जमा राशि का चैक लेने के लिए सूचित किया गया । सम्बन्धित शिकायतकर्ता द्वारा स्कूल छोड़ने का प्रमाण-पत्र और चैक ले लिया गया है ।

Test for T.G.T. in Delhi Administration

1462. SHRI ANAND PRAKASH GAUTAM : Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased la state :

(a) whether it is a fact that a competitive test was held on 24th March, 1991 for selection of T.G.T. teachers in Delhi Administration and result of the same was declared in piece-meal without going down the merit for SC/ST candidates and left 158 vacancies of SC and 106 vacancies of ST unfilled ;

(b) whether any suitability condition was mentioned in advertisement made for the above test;